दिनांक: 05.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जोधपुर में प्रदेश के लिए पांच हजार नौ सौ करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान में अत्य़ाधुनिक ढांचे के विकास के लिए पूरे प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान में भारत के गौरव, शौर्य और समृद्धि की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जी–20 सम्मेलनों के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों ने राजस्थान का भ्रमण किया और यहां की विरासत को सराहा। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किये गये विकास कार्यों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और यहां रोजगार के अवसर बढेंगे। प्रधानमंत्री ने आज जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में साढे तीन सौ बिस्तरों वाले 'ट्रोमा सेंटर और सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स की आधारशिला रखी। उन्होंने जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया। इसे लगभग 24 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में चार सौ 80 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जाएगा। श्री मोदी ने आईआईटी जोधपुर परिसर का लोकार्पण किया। साथ ही राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचा विकास के तहत प्रयोगशाला, कर्मचारी आवास तथा खेलकूद और योग विज्ञान केंद्र का भी उद्‌घाटन किया।
प्रधानमंत्री ने लगभग एक हजार चार सौ 75 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया और दो नई रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रेलगाड़ियों में जैसलमेर से दिल्ली तक की रूणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन से कामलीघाट तक की धरोहर रेलगाड़ी शामिल हैं। समारोह में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के बाद जोधपुर में ही एक अन्य स्थान पर जनसभा को संबोधित किया।

....

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विज़न 2030 दस्तावेज जारी करेंगे। दस्तावेज में सुझावों के जरिये प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के करीब पांच हजार स्टेक होल्डर्स भाग लेंगे। हर जिले से पांच सौ स्टेक होल्डर और प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडेंगे। प्रदेश को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से सरकार ने राजस्थान मिशन 2030 की शुरूआत की है।

....

नगरीय विकास, आवासन और स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल आज जयपुर के झोटवाड़ा में राव शेखाजी आर.ओ.बी. के पहले चरण का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस आरओबी पर 167 करोड़ रुपये की लागत आई है। पहले चरण में निवारु टी जंक्शन से अम्बाबाडी तक का मार्ग शामिल है। फेज वन में आरओबी की लम्बाई 1 हजार 540 मीटर है। इस आरओबी से यातायात सुगम होगा और लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।

....

राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से आज चूरू में वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष ने बताया कि दादा बाड़ी में आयोजित इस सम्मान समारोह में 70 लेखकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र और नकद राशि दी जाएगी।

....

चीन के हांगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में आज तीरंदाजी की महिला कंपाउंड स्पर्धा में भारत की ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है। कुश्ती में 50 किलोग्राम भार वर्ग में पूजा गहलोत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय पुरूष कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बैंडमिंटन में पी.वी. सिंधु को क्वॉटर फाइनल में और कुश्ती में अंतिम पंघाल को हार का सामना करना पड़ा। भारत 19

स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। एशियाई खेलों में भारत का ये अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

....